Australian Government
Department of Social Services

Disability Gateway
Connecting you to information and services

## 4/ आवास

अपने लिए उपयुक्त आवास का पता लगाना आपके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया में अलग-अलग प्रकार के आवास हैं जो आपकी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं, और प्रत्येक राज्य एवं राज्य-क्षेत्र (टेरिटरी) आवास से जुड़ी सलाह और सहायता प्रदान करता है। अपना घर ढूँढने के लिए विकल्पों की खोज करें।

यह अनुभाग निम्नलिखित के बारे में सेवाएँ और सूचना के लिंक्स प्रदान करता है:

आवास के प्रकार

स्वतंत्र और समर्थित आवास के लिए आपके विकल्प

किराए से सम्बन्धित सहायता

ऐसा घर ढूँढें जिसमें आपके लिए आवश्यक विशेषताएँ हैं

आवास से जुड़े आपके अधिकार

आवास से जुड़े आपके क्या अधिकार हैं और भेदभाव से कैसे निपटना है

### 4.1 आवास के प्रकार

विकलाँग लोगों के लिए अलग-अलग प्रकार के आवास उपलब्ध हैं, किफायती आवास में स्वतंत्र रूप से रहने से लेकर, सामाजिक आवास (सोशल हाउसिंग) या सामूहिक घरों या विशिष्ट आवास में अन्य लोगों के साथ रहने तक। आप एक ऐसे घर पर विचार कर सकते/ती हैं जो आपकी आवश्यकताओं, साथ ही आपके बजट के लिए उपयुक्त हो।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 4.2 किराए से सम्बन्धित सहायता

किराए से सम्बन्धित अलग-अलग प्रकार की सहायता उपलब्ध है जो आपको प्राइवेट रेंटल मार्केट तक पहुँच प्राप्त करने में मदद देने के लिए उपलब्ध हो सकती है। आप अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र की सरकार से अपने बाँड या किराए का भुगतान करने में सहायता प्राप्त करने में सक्षम हो सकते/ती हैं। आपको अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र (टेरिटरी) के साथ विभिन्न प्रकार की उपलब्ध सहायता और अपनी पात्रता की जांच करने की ज़रूरत होगी।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है
आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 4.3 आवास से जुड़े आपके अधिकार

अपने अधिकारों को समझने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है कि जब बात आपकी आवास आवश्यकताओं की आती है तो आपके साथ भेदभाव नहीं किया जाता है। यदि आपको अपने आवास के साथ कोई समस्याएँ आती हैं, तो आप अपने आवास प्रदाता के साथ बातचीत और समझौता-वार्ता करने के लिए एडवोकेसी (पक्षसमर्थन) सेवा का प्रयोग कर सकते/ती हैं।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है
आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।